तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 4 मार्च 2025

12 पसौद में नवनिर्वाचित सरपंच सिमरन ने ग्रहण किया पदभार

10 तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को सीएम के ...




## खबर संक्षेप

### धान भरे ट्रक व हाईवा में भिड़ंत, चार घायल



**बालोद।** नेशनल हाईवे 30 पर पुरुर के पास धान से भरे ट्रक और हाईवा में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में 4 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल धमतरी भेजा गया है, जहां इलाज जारी है। वहीं, मौके पर पहुँची पुरुर पुलिस जाँच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार धान से भरा ट्रक चारामा से धमतरी के तरफ जा रहा था। वहीं हाईवा धमतरी से चारामा की तरफ जा रहा था, तभी पुरुर के पास दोनों में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रकों के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया, जिसे मौके पर पहुँची पुलिस ने आवागमन सुचारू करवाया।

### ओपन स्कूल परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र का वितरण 24 से

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की परीक्षा 12वीं की 26 मार्च से हिंदी विषय से तथा 10वीं की 27 मार्च को हिंदी विषय के साथ प्रारंभ होगी। ओपन स्कूल प्रभारी वीरेंद्र कुमार भंडारी ने बताया कि प्रवेश पत्र का वितरण 24 मार्च को प्रातः 10 बजे से शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में किया जाएगा।

### गौ सेवकों को देख ट्रक की स्टेयरिंग लॉक कर भागे तस्कर, छुड़ाए गए 28 मवेशी



**बालोद।** देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गौ तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। जहां बालोद के गौ सेवकों ने एक ट्रक को पकड़कर 28 मवेशियों को तस्करों के चुगुल से छुड़ाया है। देवरी थाना से मिली जानकारी अनुसार सोमवार की सुबह 4 बजे पशु तस्कर मवेशियों से भरा ट्रक लेकर अर्जुंदा की ओर से जेवरतला रोड होते हुए महाराष्ट्र के कत्लखाने जा रहे थे। इसी दौरान बालोद के गौ रक्षकों को इसकी सूचना मिली और उन्होंने ट्रक को पकड़ लिया। लेकिन इस बीच ट्रक में सवार तस्कर वाहन की स्टेयरिंग लॉक करके अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। स्टेयरिंग लॉक होने के कारण ट्रक को मौके से हटाना मुश्किल हो गया था। इसे देखते हुए ट्रक को हटाने के लिए पुलिस को क्रेन बुलानी पड़ी। क्रेन की मदद से मवेशियों से भरे ट्रक को देवरी थाना लाया गया। जहां से जब्त किए गए 28 मवेशियों को दूसरे वाहन की मदद से सुरक्षित बालोद के गौशाला में पहुंचाया गया। वहीं, देवरी पुलिस मामले को गंभीरता से लेकर मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है।

### अभाविप कार्यकर्ताओं ने 10वीं के परीक्षार्थियों को भेंट की कलम



**डौंडीलोहारा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई डौंडीलोहारा ने सोमवार को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीमकन्हार में जाकर 10 बोर्ड की परीक्षा देने जा रहे छात्रों का तिलक लगाकर और पेन भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही छात्रों को परीक्षा से पूर्व मार्गदर्शन करते हुए कहा कि परीक्षा की घबराएं नहीं, बल्कि उनका सामना करें और सभी प्रश्नों को हल करने की कोशिश करें। इस दौरान नगर मंत्री दीपेश साहू व नगर राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख करण देवांगन ने भी सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

**शपथग्रहण समारोह :** नगर पंचायत अध्यक्षों के अलावा पार्षदों को भी दिलाई गई शपथ

# नगर पंचायत अर्जुंदा में प्रणेश, गुंडरदेही में प्रमोद व गुरूर में प्रदीप ने ली शपथ, लिया पदभार




***बालोद/गुरूर/अर्जुंदा।*** *त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के परिणाम आने के बाद सोमवार को जिले की तीन नगर पंचायतों में नवनिर्वाचित अध्यक्षों एवं पार्षदों ने शपथ ग्रहण किया। इन तीनों ही नगर पंचायतों में एक बात की समानता इस बार नजर आ रही है कि इनके अध्यक्षों के नाम प्र से शुरू हो रहे हैं। नगर पंचायत अर्जुंदा से जहां प्रणेश ने अध्यक्ष पद की शपथ ली, वहीं गुंडरदेही प्रमोद में तथा गुरूर में प्रदीप ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। वहीं, दूसरी ओर एक ओर एक खास बात यह भी रही कि जहां गुंडरदेही तथा गुरूर में मंच पर ही कांग्रेस व भाजपा के साथ निर्दलीय पार्षदों ने भी शपथ ली, लेकिन अर्जुंदा के नगर पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में कांग्रेस, भाजपा के अलावा ही निर्दलीय पार्षद ने भी अलग-अलग शपथ ली।*

## प्रणेश ने ली नपं अध्यक्ष पद की शपथ सभी समाज प्रमुखों ने कुर्सी पर बैठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पंचायत अर्जुन्दा में अध्यक्ष प्रणेश उर्फ बबलु जैन ने शपथ ग्रहण किया। प्रणेश जैन ने मंच पर ही वरिष्ठ समाज प्रमुखों का चरण स्पर्श किया। शपथ ग्रहण के बाद नगर के विभिन्न समाज प्रमुखों ने प्रणेश जैन को नगर पंचायत कार्यालय में पदभार ग्रहण करवाकर कुर्सी पर बैठाया। शपथ ग्रहण समारोह में बुजुर्गों एवं महिलाओं की उपस्थिति अधिक दिखी। प्रणेश जैन के शपथ ग्रहण समारोह में पहली बार ऐसा हुआ कि नगर के सभी समाज प्रमुख एक साथ सम्मिलित हुए। शपथ ग्रहण के पूर्व प्रणेश जैन व उपस्थित पार्षदों ने बाजार चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

■ **अर्जुंदा में शपथ ग्रहण समारोह में बुजुर्गों एवं महिलाओं के साथ विभिन्न समाज प्रमुख हुए शामिल**




### कांग्रेस, भाजपा व निर्दलीय पार्षद ने नपं के सभाकक्ष में अलग-अलग ली शपथ

नगर पंचायत के 9 कांग्रेसी पार्षदों, 3 भाजपा पार्षदों एवं 1 निर्दलीय पार्षद ने नगर पंचायत के सभा कक्ष में अलग-अलग शपथ ग्रहण किया। एसडीएम शिवनाथ बघेल ने चार भाग में शपथ ग्रहण कराया। भाजपा पार्षदों के शपथ ग्रहण के दौरान मण्डल अध्यक्ष जीतू गुप्ता, नरेश यदु उपस्थित थे। वहीं कांग्रेस पार्षदों के शपथ ग्रहण के समय कांग्रेसी पार्षद ही नजर आए। निर्दलीय पार्षद थिनेश्वरी रोमन सोनकर ने अकेले ही शपथ ग्रहण किया।

### नम हो गई आंखें रूंध गया गला

प्रणेश जैन कार्यक्रम के दौरान नगर के सभी समाज प्रमुखों के सहयोग, मार्गदर्शन एवं उनसे मिले आशीर्वाद का बखान करते हुए भावुक हो गए, उनकी आंखें नम हो गईं। वे लगातार सभी समाज प्रमुखों द्वारा दिए गए आशीर्वाद के लिए अपनी कृतज्ञता प्रगट करते रहे। समारोह में प्रमुख रूप से खेरथा के पूर्व विधायक बालमुकुंद देवांगन, नगर पंचायत अर्जुन्दा के पूर्व अध्यक्ष सत्यभामा केसरिया, हरीश चन्द्राकर, प्रमुख रूप से मंचासीन थे। प्रणेश जैन के साथ पार्षद प्रशांत टण्डन एवं ईश्वर लाल देवांगन ने भी शपथ ग्रहण किया।

**विभिन्न समाजों के प्रमुख हुए शामिलः** समारोह में विभिन्न समाज प्रमुखों में शंकर तलवानी, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत सुषमा चन्द्राकर, अनवरी बानो, माखनलाल गजेन्द्र, मदनलाल गोगर, महावीर सेठी, कमलेश गांधी, विनोद शर्मा, अशोक रात्रे, एलआर साहू, देवराज पटेल, गैंदूलाल ठाकुर, नेमदास बंजारे, शिशुपाल यादव, मनोहर देशलहरा, रामनाथ देवांगन, पीलूराम देवांगन, खेमूदास मानिकपुरी, प्रेमलाल सिन्हा, मणीराम निशाद, परमानंद गोसाई, दुखवाराम निशाद, सुनीति रात्रे, कृष्णा निषाद, अंगद विश्वकर्मा, पंचराम केसरिया, कामता प्रसाद गुप्ता, मन्नू लाल सोनी, खोरबाहरा राम, राधेश्याम सोनी, नीलकंठ साहू, गोविंद वैदे, विष्णु भागवत पटेल, धन्नूलाल कुर्रे सहित अन्य समाजों के प्रमुखगण मंच पर उपस्थित थे।

## गुरूर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप ने सभी 15 पार्षदों के साथ ली शपथ



**गुरूर।** नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू ने सभी 15 पार्षदों के साथ शपथ ग्रहण किया। पार्षदों में 11 भाजपा के तथा 4 कांग्रेस के पार्षद शामिल हैं। कार्यक्रम में जिला भाजपा संगठन के सभी बड़े नेता शामिल हुए। बता दें कि वर्तमान परिषद् में दो पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत के प्रथम अध्यक्ष गिरधर ठाकुर एवं निवर्तमान अध्यक्ष महिमा साहू दोनों इस सदन में अब पार्षद के रूप में बैठेंगे।

### भाजपा नेताओं व पार्षदों ने प्रदीप को अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया

प्रदीप साहू के साथ सभी 15 पार्षदों ने एक मंच से शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण के बाद भाजपा नेताओं एवं पार्षदों ने अध्यक्ष प्रदीप साहू को उनके चेम्बर में उनकी कुर्सी पर बैठाकर उनको कार्यभार सौंपा। पार्षदों में आपसी समन्वय एवं प्रेमभाव देखकर नागरिकों ने आशा व्यक्त की कि प्रदीप साहू के नेतृत्व में सभी पार्षद मिलकर नगर के इतिहास में स्वर्णिम काल स्थापित करेंगे।



दस साल बाद नगर की सत्ता में वापसी को भाजपा ने ऐतिहासिक पल बनाया। भव्य शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, बिरेन्द्र साहू दोनों पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार व पवन साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, नगर पालिका बालोद के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, यज्ञदत्त शर्मा, जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू, के साथ तहसील के तीनो मण्डल अध्यक्ष कौशल साहू, टुकेश्वर पाण्डेय, खेमलाल देवांगन, सुरेन्द्र देशमुख, पालक ठाकुर, प्रेम साहू, नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका गंजीर, लक्ष्मी साहू, तेजराम साहू, पूर्व सदस्य ललिता साहू, नव निर्वाचित जनपद सदस्य सुभद्रा साहू, नरेश साहू, संध्या साहू, सुनीता साहू, दुर्गानंद साहू, गुलाब सिन्हा, हरिकृष्ण गंजीर, सहित लखन लाल गुरूपंच, त्रिलोकी साहू, जनार्दन सिन्हा, सुरेन्द्र तिवारी, भुवन साहू, चंदन सिन्हा, नौशाद कुरैशी, पीमन साहू, अशोक साहू, सविता साहू, ऋषि सिन्हा, भावेश टावरी, डीआर हिरवानी, पुष्पेन्द्र तिवारी, ताम्रध्वज यादव सहित बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



■ **शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन सहित अनेक दिग्गज नेता हुए शामिल**



## नपं गुण्डरदेही अध्यक्ष प्रमोद ने 15 पार्षदों के साथ ली शपथ

**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत गुण्डरदेही के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद जैन एवं 15 पार्षद का शपथ ग्रहण समारोह साप्ताहिक बाजार गुण्डरदेही के कला मंच में आयोजित किया गया। शपथ ग्रहण के पूर्व अंचल के प्रसिद्ध कवि गजपति राम साहू, केशव राम साहू, थानमल जैन, माखनलाल साहू ने काव्यमय शुभकामनाएं दी। अनुविभागीय अधिकारी ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलाई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत गुण्डरदेही ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू,




जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद चेमन देशमुख, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व विधायक राजेंद्र राय, दयाराम साहू, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्षगण पवन हू, पूर्व जिला अध्यक्ष केसी पवार, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष लेख राम साहू, राष्ट्रीय सदस्य बाल संरक्षण आयोग सदस्य यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद राकेश यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, त्रिवेंद्र शेखर कंवर, प्रकाश देशलहरा, मोना सेन, राजेश साहू, टोमन लाल साहू, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, ईश्वर यदु, देवेंद्र यादव, मिलन साहू, सनत गुप्ता कलिंदा निषाद, चेतन सोनकर, छगन सोनकर, ताम्रध्वज देवांगन सुरेश सोनी, दिनेश टावरी, वीरेंद्र साहू व भाजपा के कार्यकर्ता गण नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी व नगरवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से कलाकार मोना सेन ने फाग गीत गाकर वातावरण में उमंग भर दिया।

**लीग में बालोद जिले की दो सीनियर महिला खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा**

# ताइक्वांडो सिटी लीग खेलो इंडिया ट्रायल में दीपाली ने जीता कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के खिलाड़ी भी अब लगातार खेलों में शामिल होने के साथ नई उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। ताइक्वांडो सिटी लीग खेलो इंडिया ट्रायल में बालोद की बेटियों ने अपना हुनर दिखाया।

अंबिकापुर में आयोजित ताइक्वांडो सिटी लीग में बालोद जिले की दो सीनियर महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें हीरापुर की दीपाली साहू ने कांस्य पदक तथा संध्या ने शानदार प्रदर्शन किया।

जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव त्रैमेश्वर साहू ने बताया कि यह प्रतियोगिता पूरे प्रदेश में विभिन्न खेल के सरकार से मान्यता प्राप्त संघों द्वारा खेलो इंडिया ट्रायल सलेक्शन भारतीय खेल प्राधिकरण में चयन के लिए किया जा रहा है। अभी महिलाओं को खेल में रुचि बढ़ाने तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के टूर्नामेंट आयोजित किए जा रहे हैं।




शाहिद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी के संरक्षक अजय यादव ने बताया कि जो भी खेल संघ छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त हैं, उन्हें सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं तथा खिलाड़ियों को प्राप्त प्रमाण पत्र उन्हें नौकरी में आरक्षण दिलाता है। बालोद में भी ऐसे संघ है जिसमें खिलाड़ी जुड़ कर अपना भविष्य बना सकते हैं।

इस अवसर पर जिला ताइक्वांडो संघ के संरक्षक किशोर नाथ योगी, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष नंद किशोर साहू, शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी के संरक्षक अजय यादव ने हर्ष व्यक्त किया है।

### नपं अध्यक्ष प्रमोद ने श्रद्धांजलि योजना के तहत स्वीकृत की राशि



**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करते ही प्रमोद जैन ने श्रद्धांजलि योजना के तहत बीस हजार रुपए की राशि स्वीकृत कर हितग्राही को राहत पहुंचाई।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

**खबर संक्षेप**

## जिला पंचायत सदस्य नीलिमा ने परीक्षार्थियों को भेंट की कलम

**कुसुमकसा।** जिला पंचायत बालोद क्षेत्र क्रमांक 11 की नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम के नेतृत्व में उनके युवा संगठन द्वारा दसवीं व बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को कलम भेंट कर परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी गईं। उल्लेखनीय है कि नीलिमा श्याम कोरोना काल से भी पहले अपने गाँव के घर में बच्चों को मुफ़्त में शिक्षा देती आ रही हैं। इसी तरह अपने युवा संगठन के साथ अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गाँव घोटिया, साल्हे, गुजरा, भैसबोड़, बिटाल, चिखली, चिपरा, खलारी, एवं अन्य गांव में दसवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को कलम प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर युवा संगठन से अनिल टेकाम, दीनू, डिंपल, प्रवीण देवांगन, नवीन सलाम, युवराज नेताम, खेमचंद सिवना, तुलाराम गौर, सुमेश्वर ताराम, गीतेश कचलाम सहित अनेक साथी उपस्थित थे।

## कार चालक ने बुलेट सवार को ठोका

**भिलाई।** गैरेज रोड पर तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने बुलेट चालक को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में युवक का पैर टूट गया है। सूचना पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर कार को जब्त किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया क बुलेट सीजी 07 सीएल 6347 रविवार को गैराज रोड पर अंडर ब्रिज के पहले से निकल रहा था।इस दौरान तेज रफ्तार कार आई और जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में युवक को गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## राशन दुकान से पीडीएस चावल पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** राशन दुकान से चॉवल पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ई),331 (4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि वार्ड 12 सुपेला निवासी ईश्वर सिंह ग्राम पिटौरा मे जय महिला स्व. समूह शासकीय उचित मूल्य की दुकान मे सेल्समेन का काम करता है। भिलाई से प्रतिदिन आना जाना करता है। 26 जनवरी को 485 कट्टा पीडीएस चांवल राशन दुकान में आया था। जिसमे से 28 जनवरी तक 20 कट्टा चांवल वितरण कर शाम को दुकान बंद कर घर भिलाई लौट गया।4 फरवरी को शासकीय उचित मूल्य की दुकान पिटौरा पहुंचने पर दुकान का ताला टूटा पड़ा मिला। भीतर जाकर देखने पर पीडीएस चांवल का स्टाक मिलाने पर 40 कट्टा चांवल गायब मिला। जय महिला स्वः समूह शासकीय उचित मूल्य की दुकान अध्यक्ष द्रौपती बाई महिंलांगे और समूह के सदस्यों को सूचना देकर आसपास खोजबीन किया गया।

## मकान से जेवरात पार

**भिलाई।** मकान के आलमारी से सोना चांदी के जेवरात पार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4),305 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज की गई है। सुपेला पुलिस ने बताया कि खम्हरिया भाठा वार्ड 1 निवासी सुरभि पटेल प्राइवेट काम करती है। मकान के आलामरी में सोने चांदी के जेवरात रखी हुई थी। मकान का ताल तोड़कर जेवरात को पार कर दिया।

परीक्षा : जिले के 111 परीक्षा केंद्रों में ली गई परीक्षा, 142 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

# हिन्दी विषय के साथ शुरू हुई कक्षा 10वीं की परीक्षा, पहले दिन 10242 परीक्षार्थी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली जाने वाली कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। जिले के 111 परीक्षा केंद्रों में शनिवार को कक्षा 12 वीं की परीक्षा की परीक्षा हिन्दी विषय के साथ शुरू हुई, वहीं सोमवार से कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा भी प्रारंभ हो गई है। कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों ने पहले दिन हिंदी विषय की परीक्षा दी। कड़ी जांच व निर्देश के बाद परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया।

जिला शिक्षा विभाग के परीक्षा विभाग के अनुसार बालोद जिले में 10 वीं बोर्ड के कुल 10384 परीक्षार्थी हैं। लेकिन, शनिवार को जिले के सभी 111 परीक्षा केंद्रों में कुल 10242 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। यानि 142 परीक्षार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। वहीं, उड़नदस्ता की टीम ने परीक्षा केंद्रों का दौरा कर जायजा लिया। मिली जानकारी के अनुसार 10 वीं की परीक्षा के पहले दिन किसी भी केंद्र में नकल प्रकरण नहीं पाया गया। जिले के अनेक परीक्षा केंद्रों में कक्षा 10 वीं के हिन्दी परीक्षा दिलाने पहुंचे छात्र छात्राएं सरल परीक्षा पत्र देखकर खुश हो गए। इसी तरह 12 वीं का भी पहला पेपर हिंदी था, जिसे विद्यार्थियों ने जोश व उमंग के साथ बनाया था।



शुरू हुई कक्षा 10वीं की परीक्षा

**डौंडीलोहारा।** हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा सोमवार को पूरे प्रदेश में एक साथ शुरू हो गई। नगर के विभिन्न स्कूलों में भी विद्यार्थियों ने पहले दिन हिंदी विषय की परीक्षा दी। प्रश्न पत्र बहुत ही अच्छा व सरल पूछे जाने के कारण छात्र-छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान देखी गई। वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरमरा में भी दसवीं की परीक्षा संपन्न हुई, जहां कुल 76 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। इस दौरान केंद्राध्यक्ष डॉ बीएल साहसी (व्याख्याता) तथा सहायक केंद्राध्यक्ष वायआर मेरिया (व्याख्याता) ने कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है और प्रश्न पत्र अच्छा आने के कारण से सभी छात्र-छात्राएं अपने प्रश्न हल करने में लगे हुए थे। डॉ साहसी ने बताया कि प्रश्न छात्र-छात्राओं के अनुरूप थे, जिसके कारण सभी बहुत ही अच्छे ढंग से हल कर रहे थे। वहीं, श्री मेरिया ने कहा कि चुनावी वर्ष होने के बाद भी बच्चों ने अच्छे ढंग से तैयारी करके परीक्षा दी है और आशा है कि इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहेगा।



■ पहले दिन हिन्दी के सरल प्रश्नों से परीक्षार्थियों के चेहरे खिले

### डौंडी ब्लाक में सबसे ज्यादा 39 और बालोद में सबसे कम 18 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

बालोद जिले के डौंडी ब्लॉक में 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां परीक्षा दिलाने के लिए 1784 छात्र छात्राओं को शामिल होना था, लेकिन 1745 परीक्षार्थी ही शामिल हुए। इस तरह 39 छात्र छात्राओं ने 10 वीं का पेपर नहीं दिलाया। बालोद ब्लॉक में 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां परीक्षा दिलाने के लिए 1830 छात्र छात्राओं को शामिल होना था लेकिन 1812 परीक्षार्थी ही शामिल हुए 18 छात्र-छात्राओं ने 10 वीं का पेपर नहीं दिलाया। गुरूर ब्लॉक में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां परीक्षा दिलाने के लिए 1845 छात्र छात्राओं को शामिल होना था लेकिन 1824 परीक्षार्थी ही शामिल हुए 21 छात्र-छात्राओं ने 10 वीं का पेपर नहीं दिलाया। डौंडीलोहारा ब्लॉक में 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां परीक्षा दिलाने के लिए 2585 छात्र-छात्राओं को शामिल होना था लेकिन 2550 परीक्षार्थी ही शामिल हुए 35 छात्र-छात्राओं ने 10 वीं का पेपर नहीं दिलाया। वहीं, गुण्डरदेही ब्लॉक में 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां परीक्षा दिलाने के लिए 2340 छात्र-छात्राओं को शामिल होना था, लेकिन 2311 परीक्षार्थी ही शामिल हुए 29 छात्र-छात्राओं ने 10 वीं का पेपर नहीं दिलाया है।

# नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों ने सांसद और विधायक से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा विकासखंड व जिला दुर्ग के नवनिर्वाचित सरपंच एवं समस्त पंचगणों ने दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा आयोग उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर से भेंट की। उन्होंने पुष्प गुच्छ भेंट कर श्री चंद्राकर का स्वागत किया। विधायक ने सरपंच एवं पंचों को जीत की बधाई दी और सभी को एक साथ मिलकर ग्राम की शांति एवं विकास के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसी तरह दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के निज निवास सेक्टर 5 में पहुंचकर सरपंच एवं पंचों ने उनसे मुलाकात कर उनका स्वागत किया। सांसद श्री बघेल ने सभी को जीत की बधाई दी। सांसद की धर्मपत्नी रंजन बघेल भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच अनसूईया नारायण साहू, क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य प्रिया लक्ष्मी साहू पूर्व उप सरपंच विजय साहू ज्योति साहू पंच दोहितराम निषाद, उमेश्वरी साहू, अश्वनी साहू खुलास यादव रोहिणी साहू कुमेश्वरी साहू, शांतिलाल साहू, भूपेंद्र यादव, शतरूपा बाई साहू, ज्योति निषाद सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पसौद में नवनिर्वाचित सरपंच सिमरन ने ग्रहण किया पदभार



**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम पसौद में नवनिर्वाचित सरपंच सिमरन गजभिये ने सोमवार को शपथ ग्रहण के बाद अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान गुलाल से तिलक लगाकर सरपंच का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच ने ग्रामीणों को इस बात का विश्वास दिलाया कि वे उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी। सरपंच सिमरन गजभिये ने कहा कि जिस विश्वास से ग्रामीणों ने उन्हें सरपंच पद का दायित्व सौंपा है, उनके विश्वास में खरा उतरने की कोशिश करूंगी। शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राही को दिलाने पूरी कोशिश की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच रीना यादव, उपसरपंच जीवन साहू, सचिव मोरजध्वज सिन्हा, रोजगार सहायक रोमन यादव, भीषम साहू सहित पंच सरपंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



# कुसुमकसा में सरपंच वेदबाईं ने सभी पंचों के साथ ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत कुसुमकसा में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का प्रथम सम्मेलन ग्राम पंचायत भवन में नवनिर्वाचित सरपंच वेदबाईं पिस्दा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों को सुखित राम भुआर्य सचिव ग्राम पंचायत ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उसके बाद नवनिर्वाचित सरपंच वेद बाई पिस्दा व पंचगण पंकज जेठवानी ,नितिन जैन ,ज्योति यादव, साहिस्ता बेगम ,सिताबाई चुरेंद्र ,पुष्पाबाई ,चित्ररेखा,कुमारी बाई ,हेमलाल रावटे,जयंत्री नेताम, निर्मला जगनायक,सुगरा बेगम, खेमिन निर्मलकर,संतोष जैन, रोहन माहला, दीपक यादव ,उर्मिला ठाकुर,कोमल, जिजोधन कुमार, भारती तारम का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच वेदबाई पिस्दा ने समस्त पंचों व ग्रामीणों के साथ मिलकर कार्ययोजना बनाकर ग्राम के विकास व उन्नति के लिए कार्य करने की बात कही।

इस अवसर पर निवर्तमान सरपंच शिवराम सिंद्रामे, डॉ देवेंद्र माहला, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ,योगेंद्र सिन्हा ने निर्वाचित सरपंच व पंचगणों को बधाई देते हुए ग्राम के विकास के लिए कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही। इस अवसर पर, शंकरलाल पिस्दा, कमलेश्वर सिन्हा, कन्हैयालाल भौसार्य, गोपाल डडसेना, सीताराम पिस्दा, जोगी रावते, देवलाल पिस्दा, प्रेमचंद जैन, गौरीशंकर साहू, जयंत पिस्दा, गौरीशंकर साहू, पुरषोत्तम चिराम, रमेश साहू सहित ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित थे।

# खुटेरी रंग में सरपंच नविता ने 12 पंचों के साथ ली शपथ



**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत ख़ुटेरी रंग की लगातार दूसरी बार सरपंच निर्वाचित हुई नविता साहू ने अपने 12 पंचों के साथ सोमवार को शपथ ग्रहण किया। यह शपथ पंचायत के सचिव राधेश्याम चन्द्राकर ने दिलाई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंग मंडावी, सेवा निवृत्त शिक्षक ख़ेमन सिंह ठाकुर पूर्व सरपंच पृथ्वी साहू उपस्थित थे।

इस अवसर पर सरपंच नविता साहू के साथ पंच रुमेश्वरी साहू, राजकुमारी साहू, सियाराम साहू, तोमन लाल साहू, ईश्वर साहू, टिकेश्वरी निषाद, सोहन लाल साहू, महेश्वरी ठाकुर, टामिन निर्मलकार, दमयंती बाई, अनुसूईया, भिखेद्र ने शपथ ली। कार्यक्रम में पूर्व उपसरपंच कौशल ठाकुर, दीनदयाल साहू, सदानंद साहू, मोहन साहू, पोषण साहू, इस अवसर पर पूर्व उपसरपंच कौशल ठाकुर, दीनदयाल साहू, सदानंद साहू, मोहन साहू, पोषण साहू, राधिका यादव, लिलेश्वरी यादव, ग्राम पंचायत सचिव राधेश्याम चंद्राकर, रोजगार सहायक लिलेश महिलांगे, कंप्यूटर आपरेटर राजेन्द्र कुमार साहू, पंचायत चपरासी धावेद्र कुमार सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### ग्राम चीचा में नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों ने ली शपथ



**अंडा।** ग्राम पंचायत चीचा में नवनिर्वाचित सरपंच काशीराम साहू एवं सभी पंचों को रोजगार सचिव कुलेश्वरी ठाकुर ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण गजभीम, तेजराम साहू अंगिरा प्रसाद सिन्हा चेतन साहू चेतन सिन्हा नरसिंह साहू बीआर सिन्हा शिक्षक, हीरा सिंह मांडवी, संतोष साहू, थान सिंह ठाकुर, कंप्यूटर ऑपरेटर तमिन ठाकुर, रामबाई साहू, ललिता साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनिता साहू, रेखा नानक सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश संगठन सचिव बने बीरबल

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने प्रांतीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए बीरबल देशमुख शिक्षक पूर्व माध्यमिक विद्यालय पीपरखार विकासखंड डौंडीलोहारा को प्रदेश संगठन सचिव मनोनीत किया ह। इस मनोनयन पर बालोद जिलाध्यक्ष दिलीप साहू एवं डौंडीलोहारा ब्लॉक अध्यक्ष अविनाश कुमार साहू ने प्रांतीय संगठन का आभार व्यक्त कर मनोनीत शिक्षक को बधाई दी। इस उपलब्धि पर बालोद जिला कार्यकारिणी एवं ब्लॉक इकाई डौंडीलोहारा के ब्लॉक संयोजक संतोष देवांगन, बसंती पिंकेश्वर, उपाध्यक्ष बृजमोहन मानिकपुरी, मनीष देशमुख, सचिव विजय पटेल, रविन्द्र नाथ योगी, कमल कुमार अलेंद्र, शिवेंद्र बहादुर साहू, नरेंद्र साहू, ओमप्रकाश पाथरे, खेमन लाल साहू ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



### सिरसिदा (गुंडरदेही) में सरपंच व पंचों ने ली शपथ

**अंडा।** ग्राम पंचायत सिरसिदा (गुंडरदेही) में सरपंच व पंचों ने शपथ ग्रहण किया। सोमवार को नवनिर्वाचित सरपंच सरस्वती इंद्रजीत चंद्राकर एवं समस्त पंचगण खोजलाल बघेल, पूजा बाई , शकुन बाई चंद्राकर ,उर्वशी साहू ,सुमन महेश्वरी , दामिनी चंद्राकर सूरजा पटेल, मनीषा, गीतांजलि ,कुलेश्वर प्रसाद देवांगन ,भूपेन कुमार ,बसंत कुमार देवांगन ,सियाराम चंद्राकर, रामेश्वरी देवांगन, जीवन ठाकुर, झमेंद्र ठाकुर को सचिव मोतीराम साहू ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर ग्राम के सम्माननीय नागरिक खेमलाल देशलहरे, खेदुराम चंद्राकर, कृपाराम पटेल जी. आर. शर्मा, भगवान सिंह चंद्राकर, गौरु चंद्राकर, सोनसाय चंद्राकर , झग्गर निर्मलकर, दानीराम पटेल , अक्षय चंद्राकर सहित अनेक नागरिकों की उपस्थिति में पूर्व सरपंच प्रेमलाल ठाकुर ने प्रभार सौंपा।



### ग्राम तिलखैरी में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों ने ली शपथ

**अंडा।** ग्राम पंचायत तिलखैरी में नव निर्वाचित सरपंच और पंचों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में गांव के सम्माननीय जन उपस्थित हुए। इस अवसर पर निवर्तमान पंचायत प्रतिनिधियों ने सरपंच सहित सभी पंचों का सम्मान किया। पंच रहे केदार देशमुख सलोनी ने कहा कि अभी नवनिर्वाचित टीम युवाओं से भरी है। सरपंच सूर्यकांत और उनकी पूरी टीम अपने उन सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करे, जिनकी घोषणा उन्होंने की है। उन्होंने नवनिर्वाचित सरपंच सहित सभी पंचों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



संत प्रमोद कृष्ण दास महाराज ने बताया श्रीमद् भागवत का महात्म्य

# भागवत कथा सुनने मात्र से कल्याण नहीं होता, इसे अपने जीवन में उतारना पड़ता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग व बालोद जिले के मध्य मुख्य मार्ग पर खप्परवाड़ा से 3 किमी दूर स्थित श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगीचा मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस वृंदावन से पधारे भावानुरागी संत प्रमोद कृष्ण दास महाराज ने श्रीमद् भागवत के महात्म्य अर्थात महत्व के विषय में चर्चा की।

उन्होंने बताया कि हम सभी भागवत कथा या सत्संग अनंत काल से सुनते आ रहे हैं, किन्तु फिर भी हमारा कल्याण क्यों नहीं हो रहा है। इसका स्वयं उत्तर देते हुए कहा कि कथा सुनने मात्र से कल्याण होता ही नहीं। यदि सुनने भर से कल्याण होता तो आज दुनिया में जितनी कथाएं हो रही हैं। दुनिया स्वर्ग बन गई होती, किंतु ऐसा नहीं है। क्योंकि आज भी लोग पाखंडरत हैं। आए दिन लड़कियों का बलात्कार होता है। हत्याएं होती हैं। भाई-भाई संपत्ति के लिए लड़ते हैं। यदि श्रीमद् भागवत से कल्याण चाहते हो, तो भागवत सुनकर उसे जीवन में उतारो और जीवन को भागवतमय बनाओ। फिर देखो कैसे चमत्कार होता है। यदि 7 दिन की कथा में से एक क्षण की कथा भी जीवन में उतर गई, तो जीवन का कल्याण कर देगी।



### जीवन को सुधारने की भी कथा है श्रीमद् भागवत

संत प्रमोद कृष्ण दास महाराज ने कहा कि लोगों को लगता है कि कथा सिर्फ भगवान से मिलाती है, किंतु नहीं। यह कथा भक्ति कथा तो है ही, साथ ही जीवन कथा या जीवन को सुधारने की कथा भी है। महाराज जी ने बताया कि अगले 7 दिनों तक हम श्रीमद् भागवत के गूढ़ रहस्यों को जानने और उन्हें अपने जीवन से जोड़ने का प्रयास करेंगे।




